Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 03 / भू0अ0नि0 (2) राज्य यो0(EPF)–07 / 2020......11641.........

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0),
बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल, शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पश्चिम चम्पारण, बाँका, जमुई, शेखपुरा, मुंगेर एवं नालन्दा।

पटना, दिनांक : 21-12-2020

विषय :– नवनियोजित संविदा कर्मियों के EPF खाता खुलवाने एवं नवपदस्थापित संविदा कर्मियों द्वारा त्याग–पत्र दिए जाने के संबंध में।

प्रसंग :– निदेशालय पत्र संख्या– 10771 दिनांक 10.09.2020, पत्रांक– 11061 दिनांक 21.10.2020 एवं पत्रांक 11420 दिनांक 08.12.2020

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र का संदर्भ लिया जाय, उक्त पत्र द्वारा नवनियोजित संविदा कर्मियों के EPF खाता खुलवाते हुए विहित प्रपत्र में सूचना अद्योहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। उक्त से संबंधित प्रतिवेदन अभी तक अप्राप्त है।

उल्लेखनीय है कि EPF खाता खुलने के पश्चात ही संबंधित नवपदस्थापित संविदा कर्मियों के पारिश्रमिकी का भुगतान किया जा सकता है। आवंटन निर्गत करने हेतु निदेशालय स्तर से कार्रवाई की जा रही है। अतिशीध्र आवंटन निर्गत किया जायेगा।

चूँकि यह मामला गंभीर प्रकृति का है। निदेशालय द्वारा लगातार अनुरोध करने के बाद भी आपके द्वारा इस कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। जो सरकारी सेवक के आचरण के विरूद्व है।

अतः निदेश दिया जाता है कि नवनियोजित संविदा कर्मियों के EPF खाता खुलने एवं इसकी सूचना अधोहस्ताक्षरी को प्राप्त होने तक आपका एवं आपके अधिनस्थ कर्मियों (चतुर्थवर्गीय कर्मियों को छोड़कर) का वेतन तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए अवरूद्ध किया जाता है। इसकी सूचना समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं संबंधित कोषागार को दी जा रही है।

विश्वासभाज

(जय सिंह) 21/12/20
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
कृ0पृ0उ0

F:\Year 2020 Om\Arya sir\Director\File no 7-2020 17.12.2020.doc

21-12-2020

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0 (2) राज्य यो0(EPF)–07 / 2020....11641....... **पटना, दिनांक**

प्रतिलिपि :– सभी संबंधित समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी / प्रभारी पदाधिकारी / कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
21-12-2020

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0 (2) राज्य यो0(EPF)–07 / 2020....11641......... **पटना, दिनांक**

प्रतिलिपि :– सुश्री सुरभि सिंह, डाटा एनालिस्ट, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक 21/12/20
भू–अभिलेख एवं परिमाप